दिन– सोमवार

दिनांक– 16 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने स्वतंत्र भारत की आठवीं जनगणना के लिए गजट अधिसूचना जारी की। बिहार समेत अन्य राज्यों में एक मार्च दो हजार सत्ताईस को शुरू होगी जनगणना।

02. केन्द्रीय पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा–छह हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि से राष्ट्रीय जलमार्गों का होगा विकास। बिहार में बनेगा इनलैंड वाटर–वे हब।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बीस जून को सीवान के जसौली में आयोजित समारोह के दौरान सात हजार करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

04. और, राज्य में मॉनसून के आगमन के लिए बन रही है अनुकूल परिस्थितियां। मौसम विभाग का पूर्वानुमान– अगले दो दिनों में पूर्णियां के रास्ते होगा दक्षिण–पश्चिम मॉनसून का आगमन।

---

केंद्र सरकार ने स्वतंत्र भारत की आठवीं जनगणना कराये जाने की गजट अधिसूचना जारी कर दी है। गृह मंत्रालय से जारी अधिसूचना के अनुसार जनगणना के पहले चरण में एक अक्टूबर दो हजार छब्बीस से लद्दाख, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में गणना की जायेगी। वहीं, देश के अन्य भागों में दूसरे चरण में जनगणना का काम पहली मार्च दो हजार सत्ताईस से शुरू होगा। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण में प्रत्येक परिवार की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं के बारे में जानकारी एकत्र की जाएगी। वहीं दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक–आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य जानकारी एकत्र की जाएगी। इसके अलावा इस बार जनगणना में जाति जनगणना भी की जाएगी। जनगणना कार्य के लिए लगभग 34 लाख प्रगणक और पर्यवेक्षक तथा लगभग एक लाख तीस हजार जनगणना पदाधिकारी तैनात किए जाएंगे। ये जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व–गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। संग्रहण, प्रेषण और भंडारण के समय डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े डेटा सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे। यह जनगणना प्रक्रिया शुरू होने के बाद से 16वीं जनगणना है और स्वतंत्रता के बाद आठवीं जनगणना है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

केन्द्रीय पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा है कि बिहार को आंतरिक जलवाह केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा। पटना में गंगा नदी में जल परिवहन और वाटर मेट्रो के विकास को लेकर आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री सोनोवाल ने कहा कि राज्य में गंगा नदी से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं को शीघ्र पूरा कर वाराणसी से हल्दिया तक जल परिवहन मार्ग का उन्नयन किया जायेगा।

———बाइट———

श्री सोनोवाल ने कहा कि छह हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि से राष्ट्रीय जल मार्गों के विकास के लिए महत्त्वपूर्ण कार्य किए जा रहे है।

———बाइट———

———————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बीस जून को सीवान के जसौली में आयोजित समारोह के दौरान सात हजार करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। श्री मोदी जनसभा को भी संबोधित करेंगे। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सारण, सीवान, गोपालगंज समेत पूरे बिहार की जनता उत्साहित है।

———बाइट———

———————————————————————————————

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद द्वारा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर के कथित अपमान मामले की एनडीए नेताओं ने कड़ी निंदा की है। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि इस अभद्र व्यवहार के लिए बिहार की जनता लालू प्रसाद को कभी माफ नही करेगी।

———बाइट———

इधर, केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने इस मामले में लालू यादव से सार्वजनिक माफी की मांग की है। श्री सिंह ने पटना में कहा कि लालू प्रसाद ने सिर्फ बाबा साहब का अपमान नही किया बल्कि संविधान को अपमानित किया है।

---बाइट---

---

विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों और गठबंधनों के बीच बातचीत और बैठकों का दौर जारी है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार राम और पार्टी के विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने आज राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के साथ उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान महागठबंधन के दलों के बीच सीट बंटवारा, मुख्यमंत्री का चेहरा और साझा चुनावी रणनीति को लेकर चर्चा हुई है। यह भी तय हुआ है कि महागठबंधन की पांचवीं बैठक पांच जुलाई को आयोजित की जायेगी। गौरतलब है कि हाल ही में महागठबंधन की पटना में हुई चौथी बैठक के दौरान घटक दलों के बीच विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई थी।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मीठापुर–महुली एलिवेटेड रोड का उद्घाटन किया। इस सड़क के निर्माण पर ग्यारह सौ पांच करोड़ रूपये की लागत आयी है। इस सड़क के चालू हो जाने से दक्षिण बिहार के विभिन्न हिस्सों में आना–जाना आसान हो गया है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा पथ निर्माण मंत्री नितिन नबीन के साथ–साथ स्थानीय सांसद मीसा भारती और रविशंकर प्रसाद भी उपस्थित थे। इस एलिवेटेड रोड के चालू हो जाने से सिपारा से लेकर पुनपुन तक बसी आबादी को जाम की समस्या से राहत मिल गई है। लोगों ने दिल खोलकर इसका स्वागत किया है।

---बाइट---

---

आधार को मुफ्त ऑनलाइन अपडेड करने की तिथि चौदह जून दो हजार पच्चीस से बढ़ाकर चौदह जून दो हजार छब्बीस कर दी गई है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने यह घोषणा की है। अंतिम तिथि बढ़ाए जाने से ऑनलाइन अपडेट कराने वालो को बड़ी राहत मिली।

———————————————————————————————

भीषण गर्मी का प्रकोप झेल रहे बिहार वासियों के लिए अच्छी खबर है। दक्षिण पश्चिम मानसून के बिहार में प्रवेश के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के निदेशक आशीष कुमार ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि अगले दो दिनों में मानसून के बिहार में प्रवेश की संभावना है और पूर्णिया के रास्ते राज्य में मानसून प्रवेश करेगा। श्री कुमार ने बताया कि दीर्घकालिक पूर्वानुमान के अनुसार इस बार राज्य में सामान्य से अच्छी वर्षा होने की उम्मीद है।

———बाइट———

———————————————————————————————

इधर, मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, सुपौल, अररिया समेत राज्य के उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व भागों में कई स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गई है। हमारे पश्चिम चंपारण संवाददाता ने बताया कि जिले के विभिन्न भागों में तेज हवा के साथ मुसलाधार बारिश हुई, जिससे लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली है। राजधानी पटना और आसपास के इलाकों में भी हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सीवान और किशनगंज जिलों में कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। वहीं, कल पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, गोपालगंज, सीवान, समस्तीपुर, वैशाली समेत विभिन्न जिलों में भारी बारिश की आशंका को लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————————————

इस बीच राज्य के विभिन्न भागों में बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में नौ लोगों की मौत हो गई। हमारे बक्सर संवाददाता ने बताया कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के

चौसा में क्रिकेट खेलने के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आकर तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के दवेढिया गांव में वज्रपात की चपेट में आकर एक बालक की मौत हो गई। पश्चिम चंपारण जिले में बगहा के रामनगर में वज्रपात से दो छात्रों की मौत हो गई जबकि जिले के बेतिया में एक महिला की मृत्यु की सूचना है। इधर, कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत देवकली गांव में वज्रपात की चपेट मे आकर एक महिला की मौत हो गई। वहीं, कटिहार जिले के फल्का थाना क्षेत्र अंतर्गत मघेली गांव में वज्रपात की घटना में एक किशोर की मौत हो गई।

———————————————————————————

गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यों के राहत आयुक्तों से कहा है कि अगले 90 दिन के भीतर प्रत्येक जिले के लिए जिला आपदा प्रबंधन योजना तैयार करें। आज नई दिल्ली में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा मोचन बलों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि आपदाओं से निपटने के लिए जरूरी है कि जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन योजना तैयार की जाए। गृहमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढते वैश्विक तापमान ने दुनिया को आपदाओं के बारे में चिंतित कर दिया है।

———बाइट———

पर्यावरण के संरक्षण के बगैर शत–प्रतिशत आपदा से बचना असंभव है। अगर हम पर्यावरण की चिंता नहीं करेंगे तो आपदाओं को रोक नहीं पाएंगे। हम आपदा से बचाव की योजना बना रहे हैं साथ में आपदा ही ना आए ऐसी योजना भी बनाने के लिए आगे बढ़ना पडेगा और मैं मानता हूं कि हर राज्य के राहत कमिश्नर ने इसके लिए भी अपने राज्य का एक कार्यक्रम कम से कम तैयार करवाना चाहिए जिससे आपदा आए ही नहीं।

———————————————————————————

प्रदेश के अलग–अलग भागों में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई है। सारण जिले में नया गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत वाजितपुर में राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या उन्नीस पर आज सुबह एक पीकअप वैन के पलटने से एक बच्चा और दो महिला समेज पांच लोगों की मौत हो गई।

———————————————————————————

अररिया–गलगलिया रेलखंड पर पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने आज रेल परिचालन का ट्रायल किया। स्थानीय सांसद प्रदीप सिंह और रेलवे के कई अधिकारियों ने फारबीसगंज, कुर्साकांटा होते हुए गलगलिया तक सफलता पूर्वक यात्रा की।

———————————————————————————

01. केंद्र सरकार ने स्वतंत्र भारत की आठवीं जनगणना के लिए गजट अधिसूचना जारी की। बिहार समेत अन्य राज्यों में एक मार्च दो हजार सत्ताईस को शुरू होगी जनगणना।

02. केन्द्रीय पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा–छह हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि से राष्ट्रीय जलमार्गों का होगा विकास। बिहार में बनेगा इनलैंड वाटर–वे हब।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बीस जून को सीवान के जसौली में आयोजित समारोह के दौरान सात हजार करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

04. और, राज्य में मॉनसून के आगमन के लिए बन रही है अनुकूल परिस्थितियां। मौसम विभाग का पूर्वानुमान– अगले दो दिनों में पूर्णियां के रास्ते होगा दक्षिण–पश्चिम मॉनसून का आगमन।

———————————————————————————

समाप्त